चिराग पासवान के निर्देश पर मंत्री संजय सिंह ने शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात

पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का दिलाया भरोसा

गयाजी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के निर्देश पर बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री संजय सिंह ने दरोगा पिंटू सिंहके दोनों पुत्रों, मोनू सिंह एवं रानू सिंहकी अपराधियों द्वारा गोली मारने के दौरान एक की मृत्यु हो गयी व एक गंभीर रूपये घायल हो गये, के उपरांत शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मंत्री संजय सिंहने परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं तथा उन्हें इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान किया। उन्होंने इस जघन्य हत्याकांड पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि यह घटना अत्यंत दु:खद एवं निंदनीय है। पीड़ित परिवारको न्याय दिलाने के लिए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माको अपने श्रीचरणोंमें स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

मंत्री श्री सिंह ने मैदानता हास्पिटलके निदेशकसे फोन पर बात कर मोनू



सिंहके इलाज की जानकारी ली और कहा कि उनका इलाज पूरी देखभाल के साथ किया जाए। वहीं मंत्री ने गया सिटी डीएसपी और एसपी सिटी से बात कर कहा कि अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की बात कही।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि यह घटना बहुत दुखद है। हमारी पार्टी अपराधियों को बख्शेगी नहीं। हम पीड़ित परिवार के साथ हैं और उनकी हर संभव मदद करेंगे। इससे पहले मंत्री संजय सिंह ने गया पहुंचने पर विष्णुपद मंदिर में पूजा-अर्चना कर भगवान विष्णु का आशीर्वाद लिया। मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द कुमार सिह, विधायक उदय कुमार सिह ,प्रदेश अध्यक्ष महिला कुमारी शोभा सिन्हा व विधायक विमल राजवंशी आदि मौजूद थे।

घर में घुसकर मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार

गयाजी।रामपुर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर गाली-गलौज करने और विरोध करने पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। 9 अक्टूबर 2026 को वादीने लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया था कि चंदन मांझी अपने सहयोगियोंके साथ उनके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपियोंने जान मारने की नीयत से लाठी-डंडे एवं लोहे की राड से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस संबंध में रामपुर थाना कांड संख्या 608/26, दिनांक 9 अक्टूबर 2026 को दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। लंबित कांडों में वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के तहत पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चंदन मांझी, पिता मधु मांझी, निवासी शास्त्री नगर, भुईटोली, थाना रामपुर, जिला गया के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। वहीं, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

जमुना गांव के नजदीक व्यवसायी से चार लाख की छिनतई

इमामगंज (संसू)।इमामगंज थाना क्षेत्र के जमुना गांव के समीप बाइक सवार तीन बदमाशोंने सीमेंट का तगादाकर अपने गंतव्य पर जा रहे व्यवसायी से करीब चार लाख रुपये छीन लिय और फरार हो गये। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। इस संबंधमें इमामगंज डीएसपी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सीमेंट का कलेक्शन कर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे व्यवसायी को निशाना बनाकर बदमाशों ने करीब चार लाख रुपये की छिनतई की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। डीएसपी ने बताया कि बदमाशों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

गयाजी के निकिल कुमार नयी दिल्लीमें देश के श्रेष्ठ 100 एनजीओ सम्मान से पुरस्कृत

विष्णु पद का चरण चिह्न और गया की प्रसिद्ध लाई-अनरसा देकर अतिथियों का किया स्वागत

गयाजी। मानव सेवा और सामाजिक सरोकारोंके क्षेत्रमें बिहार का नाम एक बार फिर राष्ट्रीय पटलपर रोशन हुआ है। गया की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था 'सर्वजन कल्याण एवं शिक्षण संस्थान' एनजीओ के सचिव निकिल कुमार को नई दिल्ली के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान सभागार में देशके श्रेष्ठ 100 एनजीओ के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मान संस्था द्वारा पिछले 26 वर्षोंसे लगातार समाजके शोषित, वंचित और जरूरतमंद लोगोंकी की जा रही नि:स्वार्थ सेवाके लिए प्रदान किया गया है। कार्यक्रमका विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि कँवल सिंह चौहान पद्मश्री से सम्मानित प्रगतिशील किसान एवं सदस्य, गवर्निंग बाडी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-आईसीएआर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा विशिष्ट अतिथिके रूपमें मौजूद निकिल कुमार सहित कई राज्योंके दिग्गज महारथियोंने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोहके दौरान सचिव निकिल कुमार ने मगध कीसमृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का परिचय देते हुए मंच



पर आसीन सभी मुख्य अतिथियों का अभिनंदन किया। उन्होंने अतिथियों को विश्व प्रसिद्ध भगवान विष्णु का चरण चिह्न (विष्णु पद) तथा प्रसाद के रूप में गया की नामी लाई एवं अनरसा भेंट किया। इस दौरान उन्होंने सभी गणमान्य हस्तियों को मोक्षदायिनी विष्णु नगरी गया जी आने का आत्मीय निमंत्रण भी दिया। पुरस्कार ग्रहण करनेके बाद अपने संबोधन में भावुक होते हुए निकिल कुमार ने इस गौरवशाली क्षणका पूरा श्रेय अपने माता, पिता, गुरु और नारायण विष्णु को दिया। उन्होंने कहा, यह सम्मान संस्था के अध्यक्ष उदय प्रकाश पांडेय, कोषाध्यक्ष रवि कुमार पांडेय, सभी कार्यकारिणी सदस्यों, कर्मठ स्वयंसेवियों, डाक्टरों, जिला व पुलिस प्रशासन, प्रेस एवं मीडिया के साथियों, जनप्रतिनिधियों तथा गया जी की देवतुल्य आवाम के अनवरत सहयोग का प्रतिफल है।

खेत पर गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक की बेरहमी से पिटाई, एक गिरफ्तार

गयाजी।जिले के बुनियादगंज थाना क्षेत्र में खेत पर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। 16 अक्टूबर 2026 को पीड़ितने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह अपने खेत पर था। इसी दौरान फेकन रजक अपने सहयोगियोंके साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपितोंने जान मारने की नीयत से लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुनियादगंज थाना में कांड संख्या 307/26, दिनांक 16 अक्टूबर 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया। लंबित कांडों में वांछित एवं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष छापेमारी अभियान के दौरान इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान फेकन रजक, पिता राजाराम रजक, निवासी खेड़सपुरा, थाना बुनियादगंज, जिला गया के रूप में हुई है। मामले में एक महिला आरोपित का भी उल्लेख है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

बाइक लुटेरा गिरोह का हुआ भंडाफोड़, छह बाइक के साथ विधि विरुद्ध बालक सहित चार गिरफ्तार

मानपुर। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिसकी ओर से चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के कांड में संलिप्त गिरोह का पुलिस ने भडाफोड़ किया है। चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने कुल छ: बाइक जब्त की हैं। इनमें तीन बाइक चोरी की बताई जा रही हैं, जबकि अन्य तीन बाइक का इस्तेमाल चोरी की घटनाओं में किया जाता था।

रविवार को मुफस्सिल थाना परिसरमें आयोजित प्रेसवार्ता में वजीरगंज कैंप के डीएसपी अभिनव कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चोरी की घटनाओं के उद्भेदन और आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। मुफस्सिल थानाध्यक्ष देवराज इंद्र के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों की उम्र करीब 19 से 22 वर्ष के बीच है। सभी मुफस्सिल थाना क्षेत्रके रहने वाले हैं। इनमें एक विधि विवादित बालक भी शामिल है। पुलिस जब्त बाइकों के संबंध में आवश्यक जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

शरद पूर्णिमा की शीतलता और चांद गीतों के बीच भव्यता से संपन्न हुआ 27वां कौमुदी महोत्सव

❒ अंधेरी नगरी चौपट राजा की नाट्य प्रस्तुति ने व्यवस्था पर किया प्रहार❒ किलकारी के कलाकारों ने नृत्य कर दर्शकों का मोहा मन

गयाजी। शरद पूर्णिमा की मध्यम चांदनी, ओस की बूंदों से सराबोर सर्द रात और आसमान में छिटकी रूपहली रोशनी के बीच गया जिला हिंदी साहित्य



सम्मेलन का परिसर रविवार को कला, साहित्य और संस्कृति के महाकुंभ में तब्दील हो गया। अवसर था 27वें 'कौमुदी महोत्सव' के भव्य आयोजन का, जहां संपूर्ण मगध क्षेत्रसे जुटे कलाकारों, साहित्यकारों और संस्कृति प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

सम्मेलन के सभापति सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र की अध्यक्षता में आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या गया नगर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सम्मेलनके संरक्षक डा. विजय कुमार करण को समर्पित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों के स्वागत और मगधकी प्राचीन गौरवशाली परंपरा के स्मरण के साथ हुआ। सभापति ने अपने संबोधन में कहा कि कौमुदी महोत्सव मगध की उस लोक-संस्कृति को आज भी जीवंत रखे हुए है, जिसकी गूंज पूरे देश में है। महामंत्री सुमंत ने कार्यक्रमकी विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की, जबकि मंच का आकर्षक एवं ऊर्जावान संचालन अरविंद कुमार ने किया। आजाद पार्क स्थित सम्मेलन परिसर में जब शरद पूर्णिमा की रात चांद गीतों की बौछार हुई, तो उपस्थित हर एक दर्शक का मन प्रफुल्लित हो उठा। जहानाबाद से आए कवि दीपक जी ने अपने लोकप्रिय गीतश्र शरद मयंक गगन में चमके बिखरे नभ मुक्ताहल तारे...गायन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके साथ ही शिवसंत शर्मा, सुरेंद्र पांडे सौरभ, नरेंद्र सिंह, चंद्रदेव प्रसाद केसरी, डा. राम परीखा सिंह, उमाशंकर सिंह और सुजीत कुमार ने एक से बढ़कर एक भावपूर्ण चांद गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। डा. राजीव रंजन श्रीवास्तव के नेतृत्व में किलकारी बाल भवन के बच्चों ने मंच पर अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों की भरपूर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण निर्देशक नंदकिशोर के नेतृत्व में कलाकारों की टीम द्वारा प्रस्तुत नाटक रहा। भारतेंदु हरिशचंद्र की बहुचर्चित कृति अंधेरी नगरी चौपट राजा के मगही रूपांतरण के माध्यम से कलाकारों ने समकालीन समाज की उठापटक, प्रशासनिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार पर तीखा एवं सधा हुआ व्यंगात्मक प्रहार किया। वहीं छठ पर्व की गरिमा को दर्शाती बेहतरीन प्रस्तुतियों ने माहौल को पूरी तरह सांस्कृतिक और भक्तिमय बना दिया।

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच से सामाजिक सरोकारों को जोड़ते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष का प्रतिष्ठित 'दशरथ मांझी लोक सम्मान' बांके बाजार के प्रसिद्ध कैनल मैन लौंगी भुईयां को समर्पित किया गया। डा. राकेश कुमार सिन्हा रवि ने सम्मानित लौंगी भुईयां की प्रेरणादायी जीवनी और संघर्षपूर्ण सफर को प्रस्तुत कर लोगों को उनकी महान उपलब्धि से अवगत कराया।

देर रात तक चले इस गरिमामयी आयोजन में डा. रामकृष्ण, डा. सच्चिदानंद प्रेमी, डा. राम सिंहासन सिंह, सौरभ कुमार, डा. शत्रुघ्न दांगी, अतुलित उदय, खालिक हुसैन परदेसी, अरुण हरलीवाल, उदय सिंह, विपिन बिहारी, सहज कुमार, डक्र निरंजन श्रीवास्तव, मिथिलेश कु मालवीय, शिवेंद्र सिन्हा और शैलेश कुमार ज्ञानी सहित क्षेत्रके कई प्रतिष्ठित साहित्यकार व बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

MAHARAJA LOTTERY
25.10.2026

Draw Time	Coupon Name	Result
08.30	M-One	24
09.00	M-Two	19
09.30	M-Three	74
10.00	M-Four	81
10.30	M-Six	33
11.00	M-Eight	33
11.30	M-Nine	84
12.00	M-Ten	35
12.30	M-Eleven	10
01.00	M-Tweleve	09
01.30	M-Fourteen	03
02.00	M-Fifteen	99
02.30	M-Seventeen	34
03.00	M-Eighteen	62
03.30	M-Nineteen	83
04.00	M-Twenty	99
04.30	M-Twenty-one	13
05.00	Mahajara Twenty	56
05.30	Mahajara Twenty one	79
06.00	Mahajara Twenty	31

Contact Number : 7798391668
www.maharajalottery.com

राजा रानी कूपन
DATE :25.10.2026

08:30	RAJARANI PAHLADAW	99
09:00	RAJARANI SUBEHA	11
09:30	RAJARANI KIRAN	50
10:00	RAJARANI HINDUSTANI	52
10:30	RAJARANI PRABHAT	17
11:00	RAJARANI LAJBAB	86
11:30	RAJARANI SAMRAT	41
12:00	RAJARANI DELUX	35
12:30	RAJARANI AFTERNOON	26
01:00	RAJARANI KINGS	74
01:30	RAJARANI ROYAL	22
02:00	RAJARANI MILLENNIUM	44
02:30	RAJARANI HUNDRED	16
03:00	RAJARANI DIAMOND	57
03:30	RAJARANI SONA	40
04:00	RAJARANI EXPRESS	92
04:30	RAJARANI SPECIAL	49
05:00	RAJARANI SANDHYA	67
05:30	RAJARANI CHANDANI	81
06:00	RAJARANI SHAM	34

Contact for Results: 020 24444468
08446006490-08087744446
https://rrreward.com/

संगम
Date : 25.10.2026

Draw Time	2nd Pr.No.	Draw Time	2nd Pr.No.
09.00 a.m.	64	02.30 p.m.	20
09.30 a.m.	21	03.00 p.m.	95
10.00 a.m.	07	03.30 p.m.	38
10.30 a.m.	75	04.00 p.m	30
11.00 a.m.	25	04.30 p.m.	33
11.30 a.m.	22	05.00 p.m.	13
12.00 noon	72	05.30 p.m.	41
12.30 a.m.	66	06.00 p.m.	33
01.00 p.m.	11	06.30 p.m.	15
01.30 p.m.	74	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	80	Contact for result :	

011-40451774, 011-40451775

चेतक

09.00 a.m.	20	02.30 p.m.	92
09.30 a.m.	31	03.00 p.m.	84
10.00 a.m.	20	03.30 p.m.	18
10.30 a.m.	07	04.00 p.m.	21
11.00 a.m.	94	04.30 p.m.	20
11.30 a.m.	16	05.00 p.m.	51
12.00 noon	02	05.30 p.m.	78
12.30 a.m.	69	06.00 p.m.	90
01.00 p.m.	41	06.30 p.m.	96
01.30 p.m.	16	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	35	Contact for result :	

011-40451770, 011-40451771, 011-40451772

सुपर

09.00 a.m.	81	02.30 p.m.	51
09.30 a.m.	97	03.00 p.m.	56
10.00 a.m.	12	03.30 p.m.	90
10.30 a.m.	27	04.00 p.m.	16
11.00 a.m.	32	04.30 p.m.	41
11.30 a.m.	82	05.00 p.m.	36
12.00 noon	58	05.30 p.m.	07
12.30 a.m.	50	06.00 p.m.	11
01.00 p.m.	47	06.30 p.m.	34
01.30 p.m.	35	07.00 p.m.	
02.00 p.m.	06	Contact for result :	

011-40451993, 011-40451994
www.playindialottery.com
Contact No. : 09 555 999 608

10 साल से लगातार विश्वास रखने वालों का धन्यवाद
ORIGINAL
NAVRATNA YANTRA

25.10.26	नवरत्ना	राजारानी	रॉयल	चेतक
08:30	30	07	78	85
09:00	86	61	97	30
09:30	73	00	29	55
10:00	51	56	37	64
10:30	07	04	18	65
11:00	30	45	15	77
11:30	71	51	28	94
12:00	67	46	27	72
12:30	69	50	19	44
01:00	90	58	23	40
01:30	62	66	82	65
02:00	28	64	15	45
02:30	88	51	86	56
03:00	70	08	40	22
03:30	01	99	47	20
04:00	79	06	56	42
04:30	37	39	86	04
05:00	36	31	61	50
05:30	25	62	03	24
06:00	02	15	37	60
06:30	74	24	28	97

ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 9833255244
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677666
Ph.: 8657216263, 9136183911, 9967910136, 9967793681
Website : navratnayantracoupon.com
Website : goldennavratnacoupon.com

वाहन लूटकांड का खुलासा, छह गिरफ्तार

❒ पटना से बुक कर अतरी में लूटी गयी थी कार❒ कार, सात मोबाइल और 59 हजार रुपये बरामद

खिजरसराय। पटना जंक्शनसे आनलाइन चारपहिया वाहन बुक कर अतरी थाना क्षेत्रमें लूटकी वारदातको अंजाम देनेवाले गिरोहका पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में पुलिसने छह बदमाशोंको गिरफ्तार किया है। इनके पाससे लूट में इस्तेमालकी गई एक कार, सात मोबाइल और 59 हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं। लूटी गई गाड़ी को आरोपितों ने बेच दिया था। पुलिस उसकी बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है।

रविवार को नीमचक बथानी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेंद्र सिंहने अनुमंडल कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर 2026 को पीड़ितने अतरी थानेमें लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ितके अनुसार, पटना जंक्शनसे एक व्यक्तिने आनलाइन बुकिंगकर राजगीर जाने के लिए गाड़ी ली थी। गाड़ी जैसे ही अतरी थाना क्षेत्रके सेवतर बाजार के जोता मोड़ के पास पहुंची, बदमाशोंने वाहनका जीपीएस तोड़ दिया। इसके बाद चालकसे कार, मोबाइल और रुपये छीन लिए और उसे गाड़ी से धक्का देकर गाडी लेकर फरार



हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने अतरी थाने को सूचना दी। इस संबंध में प्राथमिक दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मामलेमें पटनाके फुलवारी इलाके से गिरफ्तार अमित कुमार की निशानदेही पर अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार आरोपितों में अमित कुमार और सूरज कुमार, थाना फुलवारी, अविज्ञानप्रकाश, थाना शास्त्रीनगर, तीनों जिला पटना, श्याम बिहार कुमार, थाना चौथम, जिला खगड़िया, छोटू ऊर्फ रितेश कुमार, थाना नगर, और शिवम कुमार, थाना रूपौ, दोनों जिला नवादा शामिल हैं। पुलिसका कहना है कि आरोपितों ने लूटी गई गाड़ी बेचकर आपसमें रुपये बांट लिए थे। लूटी गई कार की बरामदगी के लिए पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस ने कार को बरामद करने का दावा किया है।

नुक्कड़ नाटक से लोगों को सूर्य घर योजना से जुड़ने को किया गया प्रेरित

सोलर सिस्टम लगाने से मिलेगी वित्तीय सहायता : अभियंता

गयाजी। गया ग्रामीण विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के अंतर्गत टिकारी और बेलागंज में 'पीएम सूर्य घर' मुफ्त बिजली योजनाश के व्यापक प्रचार-प्रसार और सौर ऊर्जा के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को छतोंपर सोलर पैनल लगवाने और बिजली बिल में भारी बचत करने के लिए प्रेरित करना था। अभियानके दौरान दिल्लीसे आई कलाकारोंकी टीमने नुक्कड़ नाटक के जरिए योजनाके लाभोंको बेहद सरल और रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया। कलाकारों ने बताया कि रूफटाप सोलर पैनल अपनाने से पारंपरिक बिजली पर निर्भरता कम होती है, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है और घरेलू खर्च में खासी कमी आती है। कार्यक्रम में गया नगर परिषद की चेयरपर्सन ने भी शिरकत की और नागरिकों से इस योजनाका अधिक से अधिक लाभ उठानेका आहवान किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा समयकी मांग है, जो बचत के साथ पर्यावरण को भी सुरक्षित रखती है। गया ग्रामीण के विद्युत कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार ने मौके पर मौजूद रहकर नागरिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की इस योजनाके तहत पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को रूफटाप सोलर सिस्टम लगवाने पर केंद्रीय वित्तीय सहायता का लाभ मिलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिकृत माध्यमोंसे आवेदन करें और स्वच्छ, सस्ती व टिकाऊ ऊर्जा को अपनाकर देशके ऊर्जा संरक्षण अभियानमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

गैस लीकेज के कारण घर में लगी आग घरेलू सामान जलकर राख, महिला झुलसी

बेलागंज (आससे)। चाकंद थाना क्षेत्र में गैस लीकेज के कारण एक घर में आग लगने का मामला सामने आया है। आग लगने से घर में रखे घरेलू सामान को नुकसान पहुंचा है। आगलगीकी इस घटनामें घर की एक महिला भी बुरी तरह



झुलस गई। घटनाके बाद पीड़ित परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित चाकंद बाजार निवासी उज्ज्वल कुमार ने इस मामले को लेकर चाकंद थाने में आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है और उचित कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के द्वारा दिये गए आवेदनके अनुसार 20 अक्टूबर की सुबह करीब आठ बजे पीड़ित के घर में गैस सिलेंडर लीकेजके कारण अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद घर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आगकी लपटें देखकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में मदद की। आग बुझाने के चक्कर में उनकी मां ममता देवी बुरी तरह झुलस गई। जिनका इलाज स्थानीय स्तर पर कराया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर आग पर काबू पाने के लिएफायर ब्रिगेड की सहायता ली गई। पीड़ित ने अपने आवेदन में बताया है कि आग लगने के कारण घर में रखे घरेलू सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। अचानक हुई इस घटना से परिवार को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही, घटना से हुए नुकसान को देखते हुए उचित सहायता की अपेक्षा जताई है।

दीपावली एवं छठ पर्व को लेकर पटाखा दुकानों का निरीक्षण

गयाजी। रविवार को दीपावली एवं छठ पर्वके मद्देनजर जिला अग्निशमन पदाधिकारी, गया के द्वारा जिले में संचालित पटाखा दुकानोंका निरीक्षण किया गया। निरीक्षणके दौरान दुकानों में अग्नि सुरक्षासे संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की गई तथा दुकानदारोंको सुरक्षा मानकोंका पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निम्नलिखित निर्देश दिए गए।



पटाखों की बिक्री वैध अनुज्ञप्तिके आधारपर निर्धारित स्थानपर ही की जाए। . प्रत्येक दुकान में अग्निशमन यंत्र एवं अन्य आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरण उपलब्ध रखें। पटाखा दुकानोंमें धूम्रपान एवं किसी भी प्रकार की खुली आग का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रखें। विद्युत तारों एवं उपकरणों की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना न रहे। पटाखों का भंडारण निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप सुरक्षित तरीके से करें। दुकानों के आसपास पर्याप्त खाली जगह रखें, ताकि आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य में कोई बाधा न हो। अग्नि दुर्घटनाकी स्थिति में तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित करें। जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा सभी पटाखा दुकानदारों से अपील की गई कि वे दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान अग्नि सुरक्षा संबंधी सभी दिशा-निर्देशों का गंभीरता से पालन करें। आम नागरिकों से भी अपील की गई कि वे पटाखों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें तथा बच्चों को पटाखे जलाते समय बड़ों की निगरानी में रखें।

SHREE GOLDWIN
RASHI BHAVISHYA

60 FIRST LUCKY WINERS OF FREE BRACELET
70 FIRST LUCKY WINERS OF FREE RING

तारीख – 25-10-2026 के शुभ अंक

TIME	शुभ अंक		TIME	शुभ अंक	
09:00	6052	7019	01:45	6081	7087
09:15	6056	7068	02:00	6083	7021
09:30	6045	7023	02:15	6092	7024
09:45	6074	7025	02:30	6042	7067
10:00	6010	7014	02:45	6060	7033
10:15	6097	7025	03:00	6020	7039
10:30	6081	7097	03:15	6072	7014
10:45	6096	7098	03:30	6002	7083
11:00	6053	7070	03:45	6076	7057
11:15	6021	7015	04:00	6049	7003
11:30	6000	7049	04:15	6001	7062
11:45	6018	7096	04:30	6070	7067
12:00	6056	7013	04:45	6008	7045
12:15	6032	7008	05:00	6086	7022
12:30	6048	7026	05:15	6055	7085
12:45	6049	7054	05:30	6058	7078
01:00	6033	7020	05:45	6020	7060
01:15	6056	7033	06:00	6014	7060
01:30	6056	7086			

फोन या WhatsApp ग्रुप पर शुभ अंक जानने के लिए संपर्क करें
ट्रेड इन्कवायरी के लिए संपर्क करें 8450981670
हर 15 मिनट में शुभ अंक और यंत्र और जानने के लिए संपर्क करें: 022-66677688
7400058032
7400058042
9819026124
WATCH LIVE ON WEBSITE
60 और 70 के शुभ अंक देखने के लिए हमारी वेबसाइट पर भी आप देख सकते है।
www.shreerashibhavishya.com
www.goldwinrashi.com

राजारानी कूपन

Name	Time	2nd Pr.No.	Name	Time	2nd Pr.No.
PAHLA DAO	8.30 a.m.	79	MILLENNIUM	2.00 p.m.	74
SUBEHA	9.00 a.m.	15	100	2.30 p.m.	91
KIRAN	9.30 a.m.	86	DIAMOND	3.00 p.m.	65
HINDUSTANI	10.00 a.m.	43	SONA	3.30 p.m.	91
PRABHAT	10.30 a.m.	54	EXPRESS	4.00 p.m.	12
LAJBAB	11.00 a.m.	33	SPECIAL	4.30 p.m.	01
SAMRAT	11.30 a.m.	98	SANDHYA	5.00 p.m.	60
DELUX	12.00 noon	47	CHANDANI	5.30 p.m.	15
AFTERNOON	12.30 a.m.	34	SHAM	6.00 p.m.	22
KING	1.00 p.m.	23	EVENING	6.30 p.m.	38
ROYAL	1.30 p.m.	70	Check result with official website/Gzt.		

Cont. for result : 011-40451995
020-27413666, 020-27414666
www.playrajarani.com

राजश्री
Date : 25.10.2026

Time	Pr. No.	Time	Pr.No.
09.00 a.m.	00	02.00 p.m.	03
09.30 a.m.	91	02.30 p.m.	51
10.00 a.m.	97	03.00 p.m.	57
10.30 a.m.	56	03.30 p.m.	09
11.00 a.m.	13	04.00 p.m.	36
11.30 a.m.	45	04.30 p.m.	15
12.00 noon	38	05.00 p.m.	88
12.30 p.m.	84	05.30 p.m.	92
01.00 p.m.	29	06.00 p.m.	40
01.30 p.m.	70	06.30 p.m.	69

Contact for result:
011-40451992, 020-27416009
www.playrajshree.com

ऑनलाइन कैसीनो खेलिए
www.playindiagame.com
Contact No. : 09555999608